3 (Sem – 1/CBCS) HIN HC 2

2025

HINDI

(Honours)

Paper : HIN–HC–1026

(हिन्दी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल)

Full Marks : 80

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) फ़ोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई थी ?

(ख) 'भाषा योगवासिष्ठ' के रचयिता कौन हैं ?

(ग) 'हरिवंशराय वच्चन' किस काव्यधारा के कवि के रूप में जाने जाते हैं ?

(घ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का देहावसान कब हुआ था?

(ङ) सत्यनारायण 'कविरत्न' द्वारा विरचित भ्रमरगीत-परंपरा की काव्य-कृति का नाम बताइए।

(च) 'पूर्ण' उपनाम से जाने जाने वाले द्विवेदीयुगीन कवि का असली नाम क्या है?

(छ) महावीर प्रसाद द्विवेदी किस ईस्वी में 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक बने थे?

(ज) 'फूलों का गुच्छा' किस कवि की रचना है?

(झ) भारतेंदु-युग का अन्य एक नाम क्या है?

(ञ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल का प्रारंभ किस संवत् से माना है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) गजानन माधव मुक्तिबोध की *किन्हीं दो* काव्य-प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'तारसप्तक' में संकलित कवियों के नाम क्या-क्या हैं?

(ग) 'जूही की कली' किस कवि की रचना है? इस रचना का प्रकाशन किस ईस्वी में हुआ?

(घ) श्रीधर पाठक ने गोल्डस्मिथ द्वारा रचित किन रचनाओं का किस-किस नाम से हिन्दी में अनुवाद किया है?

(ङ) 'नासिकेतोपाख्यान' किसकी रचना है? इस रचना के आधार-ग्रंथ कौन-से हैं?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) भारतेन्दु-युग में खड़ीबोली गद्य का किस प्रकार विकास हुआ?

(ख) प्रयोगवादी काव्यधारा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(ग) महादेवी वर्मा की कविताओं की प्रमुख कलापक्षय विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) स्वदेशानुराग-समन्वित ईश्वर-भक्ति का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(च) हिन्दी कविता को ठाकुर जगमोहन सिंह की देन पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) स्वतंत्रता के बाद खड़ीबोली गद्य का विकास किस रूप में हुआ? सटीक चर्चा कीजिए।

(ख) समकालीन हिन्दी कविता की दिशा एवं दशा पर प्रकाश डालिए।

(ग) आधुनिक हिन्दी कविता को नागार्जुन के योगदान पर सम्यक् चर्चा कीजिए।

(घ) प्रगतिवादी काव्यधारा के उद्‌भव एवं विकास का लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) छायावादी काव्यधारा की भावपक्षीय विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) द्विवेदीयुगीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

(छ) आधुनिक हिन्दी कविता को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' की देन का मूल्यांकन कीजिए।

(ज) आधुनिक-कालीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।